# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रांची सैन्य स्टेशन में आयोजित पूर्वी कमान अलंकरण समारोह में भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को वीरता पूर्ण कार्यों और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी समेत सेना के अन्य अधिकारियों ने सैनिकों सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता और अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए विभिन्न सैन्य इकाइयों को जीओसी–इन–सी यूनिट प्रशंसा से भी सम्मानित किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी ने कहा कि भारतीय सेना सभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है।

***************

जम्मू–कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास आईईडी विस्फोट में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर आज रांची पहुंचेगा। रांची पहुंचने के बाद सुरक्षित वाहन से पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास हजारीबाग ले जाया जायेगा।

***************

आज पूरे देश में संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। वे 14वीं सदी के महान संत थे। उनके अनुयायी हर वर्ष माघी पूर्णिमा पर वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर में उनकी जयंती मनाने के लिए एकत्र होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने समाज की आजादी का महत्व बताया था।

***************

इधर झारखंड में भी संत रविदास जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई मंत्रियों, विधायकों और नेताओं ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उनका जीवन सत्य, शिक्षा और सामाजिक सुधार के प्रति समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वे सामाजिक सौहार्द, भक्ति, प्रेम और समानता का संदेश देने वाले परम ज्ञानी संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर उन्हें शत–शत नमन करते हैं।

***************

गुमला जिले में सरकारी ई–मार्केटप्लेस जेम पोर्टल पर खरीदारी को लेकर जिला योजना विभाग ने प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर हुए कार्यक्रम में पदाधिकारियों, कर्मियों और ऑपरेटर्स को जेम पोर्टल की कार्यप्रणाली समझाई गई। मौके पर जेम प्रतिनिधि कुणाल ने यूजर आईडी, प्रोफाइल अपडेट, टेंडर अपलोड और पेमेंट प्रक्रिया की जानकारी दी।

***************

देवघर में जिला स्तरीय समिति की बैठक में वेद व्यास आवास योजना के तहत 54 लाभुकों का चयन किया गया। उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि प्रत्येक लाभुक को 01 लाख 91 हजार 200 रुपये की राशि किश्तों में दी जाएगी। योजना के तहत उन्हीं लोगों को शामिल किया गया, जिनके पास कोई अन्य सरकारी आवास नहीं है और उनका मकान कच्चा है।

***************

गिरिडीह जिले को सड़क सुरक्षा माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान मिला है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

गढ़वा जिले में साप्ताहिक कॉफी विथ एसडीएम कार्यक्रम के तहत अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने किन्नर समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। किन्नर समाज की गढ़वा अध्यक्ष राधा ने इसे पहली बार किसी अधिकारी द्वारा सम्मानजनक पहल बताया। एसडीएम संजय कुमार ने सरकार के नियमों के तहत उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

**********